भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच

हिंदी सप्ताह का आयोजन

भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच में हिंदी सप्ताह का आयोजन, दिनांक 13 से 19 सितंबर 2024 के दौरान किया गया| हिंदी सप्ताह का शुभारम्भ दिनांक 13/09/2024 को केंद्र के कार्यकारी अध्यक्ष तथा हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला द्वारा किया गया| सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन तथा भा. कृ. अनु. प. गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया| इसके पश्चात सभी कर्मचारियों द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा ली गयी| डा. मोनिका शुक्ला द्वारा हिंदी सप्ताह के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा का महत्त्व समझाया तथा बताया गया कि किस तरह भारतीय संविधान द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में घोषित किया गया था| उन्होंने कार्यालय में लिखे एवं बोले जाने वाले दैनिक कार्यकलापों को हिंदी में करके हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात कही| उन्होंने सभी कर्मचारियों को हिंदी सप्ताह के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया| इसके पश्चात हिंदी समिति के सदस्य श्री नवीन कुमार द्वारा हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं, इनके नियम, पुरस्कार राशि आदि के बारे में विवरण दिया गया| | दिनांक 13/09/2024 को निबंध लेखन तथा हिंदी टंकण की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया| कर्मचारियों को दफ्तर के रोजमर्रा के कार्य अधिक से अधिक हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया गया|

दिनांक 19/09/2024 को कर्मचारियों के लिए अन्य प्रतियोगिताएं आशुभाषण तथा प्रश्न मंच आयोजित की गयी| हिंदी सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 19/09/2024 को केंद्र के सभागार में किया गया| इस दौरान हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने समारोह में उपस्थित समस्त वैज्ञानिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों तथा कुशल सहायक कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत के साथ अभिनंदन किया| उन्होंने इस दौरान आयोजित की गयीं विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के बारे में विवरण दिया| हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की गयीं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को केंद्र के अध्यक्ष डा. अनिल आर. चिन्चमलात्पुरे के द्वारा प्रमाण पत्र तथा पारितोषिक वितरण किया गया| हिंदी समिति के सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने केंद्र की हिंदी समिति के सदस्यों, श्री सी. आर. तावियाड, श्री शिवरतन बिश्नोई एवं श्री नवीन कुमार को हिंदी सप्ताह के सफलता पूर्वक समापन की बधाई दी तथा उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया | इसके पश्चात् केंद्र के अध्यक्ष द्वारा हिंदी सप्ताह की समाप्ति के उपलक्ष्य में उद्बोधन दिया गया तथा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया| अंत में हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया|

हिंदी सप्ताह (13 से 19 सितंबर 2024) पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची

पुरस्कार	निबंध लेखन	आशुभाषण	प्रश्न मंच	हिंदी टाइपिंग
प्रथम पुरस्कार	सी. आर तावियाड	शिवरतन बिश्नोई	शिवरतन बिश्नोई	नवीन कुमार
द्वितीय पुरस्कार	आकांक्षा विश्वकर्मा	बिश्वेसर गोरेन	नवीन कुमार	अशोक चौधरी
तृतीय पुरस्कार	रामाभाई वालंद	बलवंत सिंह डामोर	आकांक्षा विश्वकर्मा	आकांक्षा विश्वकर्मा
प्रोत्साहन पुरस्कार	मुर्तुजा खान पठान	प्रज्ञा के पारेख	अशोक चौधरी	दिलीप वाघेला

हिंदी सप्ताह उद्घाटन समारोह

राजभाषा प्रतिज्ञा

निबंध लेखन प्रतियोगिता



हिंदी टंकण प्रतियोगिता

आशुभाषण प्रतियोगिता

पुरस्कार वितरण